प्रबंधन मंडल की सप्तम् बैठक की कार्यवाही

दिनांक : 13 फरवरी, 2021

स्थान : डाटा सेंटर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

बिहार पशु
विज्ञान विश्वविद्यालय
BIHAR ANIMAL
SCIENCES UNIVERSITY

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

पटना – 800 014, (बिहार)

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबंधन मंडल की सप्तम् बैठक दिनांक 13, फरवरी, 2021 का माननीय कुलपति, डॉ० रामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :

व्यक्तिगत रूप से उपस्थित सदस्य :

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम
1.	डॉ० रामेश्वर सिंह, कुलपति–सह–अध्यक्ष, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना
2.	श्री सुदेश कुमार लाल उप सचिव, वित्त विभाग, पटना, प्रतिनिधि, सचिव, वित्त विभाग, पटना
3.	श्री दीना नाथ निदेशक, गव्य विकास, पशु एवं मत्स्य संसाधन, विभाग, बिहार
4.	श्री सुधान्शु कुमार विशिष्ट कृषि उद्योगपति, बिहटा, पटना
5.	डॉ० उषा शर्मा उत्कृष्ट महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता
6.	श्री निरंजन सिंह, पुत्र–श्री हीरा प्रसाद सिंह, ग्रा०+पो०–सिंघिया, समस्तीपुर–848209।
7.	डॉ० रविन्द्र कुमार निदेशक अनुसंधान, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना
8.	डॉ० वेद प्रकाश सैनी अधिष्ठाता, मात्स्यकी महाविद्यालय, किशनगंज
9.	डॉ० एस० के० गर्ग कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित सदस्य :

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम
1.	डॉ० एन० सरवण कुमार भा०प्र०से०, सचिव, कृषि विभाग तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार
2.	डॉ० संजय कुमार सिन्हा संयुक्त निदेशक (मुख्यालय), प्रतिनिधि, निदेशक (पशुपालन), पटना
3.	डॉ० ए० के० श्रीवास्तव सदस्य कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली
4.	डॉ० वी०पी० सिंह निदेशक राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल
5.	डॉ० शिव धर सिंह भूतपूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य), भा०कृ०अ०प०, नई दिल्ली

कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा निम्नांकित कार्यावली विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

कार्यावली संख्या 7.1: **22.09.2020 को आयोजित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबन्धन मंडल की षष्ठम् बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

निर्णय/संकल्प : अनुमोदित।

कार्यावली संख्या 7.2: **दशम् अकादमिक परिषद् में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : अनुमोदित।

कार्यावली संख्या 7.3: **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अकादमिक परिषद् के पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों को दो वर्षों की अवधी के लिए मनोनित किए गए सदस्यों का अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : अनुमोदित।

कार्यावली संख्या 7.4: **मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज में सहायक प्रध्यापक के पद पर मौखिक साक्षात्कार कराने हेतु गोपनीय विशेषज्ञ पैनेल का अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : अनुमोदित।

कार्यावली संख्या 7.5: **कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रशासनिक सलाहकार को निर्धारित मानदेय पर नियोजित करने हेतु अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में कुलसचिव एवं कुलपति कर्यालयों में नियमित पदों पर नियुक्ति न हो पाने के कारण सर्विस संबंधि तथा अन्य प्रशासनिक मामलों के नियमानुकुल एवं शीघ्र निष्पादन की आवश्यकता को देखते हुए श्री अशोक कुमार सुमन जो बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में निदेशक प्रशासन के पद पर कार्यरत थे को कुलपति के प्रशासनिक सलाहकार के रूप में उनके द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में प्राप्त कर रहे मानदेय रु० 52,000/– प्रति माह के बराबर पर नियोजन करने के प्रस्ताव को प्रबंधन मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

कार्यावली संख्या 7.6: **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में संविदा के आधार पर स्वीकृत पदों के विरूद्ध बिहार सरकार के अन्य उपक्रमों के शर्तों/योग्यता एवं लागू मानदेय के आधार पर Walk in interview द्वारा नियोजन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : उपरोक्त प्रस्ताव के आलोक में प्रबंधन मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में स्थायी कर्मचारियों की बेहद कमी को देखते हुए आवश्यक कार्यो हेतु विश्वविद्यालय अपने स्तर पर संविदा पर नियोजन कर सकता है।

विश्वविद्यालय द्वारा संविदा पर नियोजन बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग संकल्प ज्ञांपाक 03/एम०–78/2005सा०प्र०1003/पटना –15 दिनांक 20.01.2021 में निहित प्रक्रिया और मानदेय संबंधी दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाए।

कार्यावली संख्या 7.7: **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में नियोजित पदाधिकारियों के सेवा–विस्तार का अनुमोदन।**

निर्णय/संकल्प : विश्वविद्यालय कार्यहित में कार्यालय आदेश सं०–302 कु०स०/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक–15/01/2021 के द्वारा डॉ० हंस राज के तीन माह (16.01.2021 से 14.04.2021) तक किए गए सेवा अवधि विस्तार के प्रस्ताव को प्रबंधन मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

श्री रंजन कुमार, डी० डब्लयू० पी० को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में अगले छः माह (16.03.2021 से 15.09.2021) तक सेवा अवधि का विस्तार करने के प्रस्ताव को प्रबंधन मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

श्री राम मूर्ति चायल, डिप्टी एस्टेट ऑफिसर (सिविल) को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में अगले छः माह (26.04.2021 से 25.10.2021) तक सेवा अवधि का विस्तार करने के प्रस्ताव को प्रबंधन मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

कार्यावली संख्या 7.8: **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज में कार्यरत अतिथि संकाय–सह–सहायक प्राध्यापक के सेवा अवधि विस्तार का अनुमोदन।**

निर्णय / संकल्प :

क्र०	नाम	विभाग	नियोजन की तिथि	पूर्व सेवा विस्तार	सेवा विस्तार की अनुमोदित अवधि
1	डॉ० अभिषेक ठाकुर	Fish Processing Technology	01/10/2018	01/09/2020 से 31/03/2021	01 / 04 / 2021 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो।
2	डॉ० ममता सिंह	Fisheries Resource Management	03/10/2018	01/09/2020 से 31/03/2021	01 / 04 / 2021 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो।
3	डॉ० नरेन्द्र कुमार वर्मा	Fisheries Extension Economics and Statistics	03/10/2018	01/09/2020 से 31/03/2021	01 / 04 / 2021 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो।
4	श्री रवि शंकर कुमार	Fisheries Extension Economics and Statistics	03/10/2018	01/09/2020 से 31/03/2021	01 / 04 / 2021 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक
5	डॉ० सरवेन्द्र कुमार	Fish Physiology & Biochemistry	28/11/2019	16.05.2020 से 15.11.2020	16 / 11 / 2020 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो।
6.	डॉ० भारतेन्दु विमल	Aquaculture	28/11/2019	16.05.2020 से 15.11.2020	16 / 11 / 2020 से अगले छः माह तक या संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो।

उपरोक्त अंकित अतिथि संकाय–सह–सहायक प्राध्यापकों के सेवा अवधि विस्तार पर अनुमोदन के साथ यह सुझाव भी दिया गया की जल्द से जल्द नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पुर्ण कर ली जाय।

कार्यावली संख्या 7.9: **बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना में कार्यरत दो विश्वविद्यालय प्राध्यापकों को अपने पैतृक संस्थान में वापस योगदान देने हेतू विरमित करने संबंधित सूचना समर्पित।**

निर्णय / संकल्प : बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना में विश्वविद्यालय प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ० शंकर दयाल, पशुप्रजन्न एवं अनुवांशिक विभाग तथा डॉ० अजीत कुमार, पशु गर्भ विज्ञान विभाग, को अपने पैतृक संस्थानों क्रमशः भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना तथा गडवासु, लुधियाना में पुनः वापस योगदान समर्पित हेतू क्रमशः दिनांक–23 / 12 / 2020 तथा दिनांक–30 / 11 / 2020 के प्रभाव से विरमित किया गया। सम्बन्धित सूचना से प्रबंधन मंडल को अवगत कराया गया जिसकी प्रबंधन मंडल द्वारा सम्पुष्टि की गई।

कार्यावली संख्या 7.10: **श्री गिरीश चन्द्र प्रसाद, वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना की विभागीय जाँच व निलम्बन संबंधित सूचना समर्पित।**

निर्णय / संकल्प : श्री गिरीश चन्द्र प्रसाद, वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के निलम्बन एवं विभागीय जाँच में प्रगति संबंधित सूचना से प्रबंधन मंडल को अवगत कराया गया। सम्बन्धित सूचना के आलोक में डॉ० एन० सरवण कुमार, भा०प्र०से०, सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार ने श्री गिरीश चन्द्र प्रसाद, वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के निलम्बन से संबंधित विभागीय जाँच की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का सुझाव दिया।

कार्यावली संख्या 7.11 : अध्यक्ष की अनुमति पर अन्य प्रस्तावित प्रकरण।

कार्यावली संख्या 7.11.1 विभागाध्यक्षों के प्रभार के नियम में बदलाव करने विषयक।

निर्णय/संकल्प : तृतीय अकादमिक परिषद् के कार्यावली संख्या 11 में लिए गए निर्णय को संशोधित करने हेतु प्रबंधन मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों के प्रबन्धन में सुधार हेतु प्रभारी विभागाध्यक्ष, सम्बन्धित अधिष्ठाता की अनुसंशा पर कुलपति द्वारा मनोनित किये जायेंगें। अनुसंशा अधिष्ठाता द्वारा सम्बन्धित सहायक प्राध्यापक की प्रबंधन क्षमता, योग्यता तथा व्यवसायिक योगदान को ध्यान में रखकर दी जायेगी। प्रबंधन मंडल के एक माननीय सदस्य द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि विभागों के सहायक प्राध्यापकों को विभागाध्यक्ष के प्रभार ग्रहण के छः माह के उपरान्त उनकी कार्यक्षमता का आकलन करने के उपरांत आवश्कतानुसार उन्हें रखने अथवा उनके बने रहने पर निर्णय लेना उचित होगा।

कार्यावली संख्या 7.11.2: केन्द्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र का बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को हस्तानांतरण

निर्णय/संकल्प : पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा केन्द्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में हस्तानांतरण करने की सुचना के साथ केन्द्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र को अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकशित करने की योजना से प्रबंधन मंडल को अवगत कराया गया।

कार्यावली संख्या 7.11.3: डॉ० कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज के परिसर में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय किशनगंज की स्थापना एवं 208 अकादमिक व प्रशानिक पदों की स्वीकृति सम्बन्धी सूचना।

निर्णय/संकल्प : डॉ० कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज के परिसर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय किशनगंज की स्थापना एवं 208 अकादमिक व प्रशानिक पदों की स्वीकृति, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या 06एस०एस०(11)01/2019–465/पटना–15 दिनांक 09.02.2021 के द्वारा प्रदान की गई जिससे प्रबंधन मंडल को अवगत कराया गया।

बैठक के अंत में कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव, डॉ० एस के गर्ग ने सभी सम्मानित सदस्यों एवं प्रबंधन मंडल के अध्यक्ष का धन्यवाद किया।

माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

19/2/21

कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

19.2.21

कुलपति (अध्यक्ष)
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक सं० 1180 /कुलसचिव/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 19 /02/2021

प्रतिलिपि :– विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सभी सदस्यों को बैठक की कर्यवाही सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2

कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

प्रतिलिपि :– माननीय कुलपति के सचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।